महत्वपूर्ण एवं खास

रकम दुगना करने का झांसा देकर 20 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क मार्केटिंग में पैसा लगाने पर 6 माह में दुगना रकम देने का झांसा देकर 20 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी ललीता सोना 34 वर्ष शांतिनगर सिविल लाइन की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि होटल ट्रीटोन तेलीबांधा में आरोपी तेजकुमार पुरी, समीर मिश्रा व सत्यवति दुबे ने प्रार्थिया को क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क मार्केटिंग प्रोजेक्टर में पैसा लगाने पर 6 माह में रकम दुगुना करने का झांसा देकर 20 लाख 25 हजार रुपए ले लिए और फरार हो गए। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार की चपेट में आए बाइक सवार, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के उरगा-हाटी मार्ग पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को चपेट में ले लिया. इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं दूसरे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना के बाद राहगीरों ने डायल 112 को इसकी सुचना दी. जानकारी के मुताबिक, हादसे में मृत युवक का नाम रहीम टोप्पो है जो कि जशपुर का रहने वाला है, वहीं दूसरे युवक को सूचना मिलने के मौके पर पहुंची पुलिस ने कोरबा मेडिकल कॉलेज भेजा है, जहां उसका इलाज जारी हैं. वहीं पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है.

तेंदुआ खोल के साथ दो गिरफ्तार

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के एन्टी पोचिंग टीम ने उड़ीसा के दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनसे तेंदुआ का खाल बरामद किया है। मामले में 4 अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। ये सभी आरोपी मूलत: ओडिशा के रहने वाले हैं। उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन को सूचना मिली थी कि उड़ीसा के 5-6 व्यक्ति मोटरसाइकिल छत्तीसगढ़ में तेंदुआ की खाल बेचने आ रहे थे। इस दृष्टिकोण से उन्होंने राज्य एंटी पोचिंग टीम को सतर्क किया मुखबिर के बताए समय अनुसार 4 मोटरसाइकिल में सवार 5-6 लोग तितल खूंटी गोहरापदर की ओर आ रहे थे जिन्हें रोक गया किंतु यह सभी लोग उल्टा वापस उड़ीसा की ओर भागने लगे। पुलिस ने तत्काल इनका पीछा किया और उड़ीसा के बोडन के पास 2 लोग जो अलग-अलग मोटरसाइकिल में थे, उन्हें पकड़ लिया गया। बाकी 4 लोग भागने में सफ ल हो गए। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उनके पास से एक तेंदुआ की ताजा खाल बरामद हुआ है प्रकरण पर पी.ओ.आर. जारी करते हुए दोनों आरोपियों को देवभोग न्यायालय भेज दिया गया है।

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने जब्त की 4 लाख की चांदी

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में बड़ी मात्रा में चांदी की पायल सडक़ किनारे बाइक सवार फेंक कर भाग गया, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। चेकिंग अभियान के दौरान दर्री पुलिस ने जेवर जब्त किए हैं। जानकारी के मुताबिक दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर के पास पुलिस की टीम वाहनों की जांच कर रही थी। अचानक एक व्यक्ति आकर पुलिस को बताया कि सडक़ किनारे बाइक सवार कुछ पोटली फेंककर भागा है इस दौरान पुलिस सतर्क हो गई और मौके पर पहुंची। पोटली खोलकर देखा तो चांदी के पायल भारी मात्रा में पोटली में बंधे हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि ये सामान चुनावी प्रपंच से जुड़ा हो सकता है। वास्तविकता क्या है, यह जानने के लिए लोग काफी बेचैन हैं। दर्री थाना प्रभारी चमन लाल सिंह ने बताया शाम 5.00 बजे लगभग गोपालपुर मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही थी।

पिछले वर्ष की तुलना में अपराधों में आई कमी, चोरी, लूट मामलों में रिकवरी परसेंट 40 से बढ़कर हुआ 70 प्रतिशत

रायगढ़। छह अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी की बैठक लेकर चुनावी तैयारी एवं लंबित अपराध, शिकायतों व कार्यवाही की समीक्षा किया गया।

माह सितंबर 2022 और सितंबर 2023 में दर्ज अपराध, अपराधों का निराकण, प्रतिबंधक व लघु अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही का तुलनात्मक समीक्षा पर पाया गया कि संपत्ति संबंधी अपराधों का रिकवरी परसेंट बढ़ा है, पिछले साल रिकवरी परसेंट 40 था जो इस वर्ष बढ़कर 70% है। संपत्ति संबंधी अपराधों में पिछले वर्ष लूट के 22 मामले थे जो इस वर्ष 9 है। महिला संबंधी मामलों में दुष्कर्म के मामले पिछले साल 102 थे जबकि इस वर्ष 92 प्रकरण दर्ज हुए, नाबालिकों के गुम संबंधी अपहरण के दर्ज अपराध पिछले साल 102 थे , इस वर्ष 91 है जिसमे कमी देखी गई। धोखाधड़ी के मामलों में भी कमी आई है पिछले वर्ष धोखाधड़ी के 80 मामले पंजीबद्ध किए गए थे जो इस वर्ष 56 है। कुछ अपराधों की ओर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया गया है जिनके गत वर्ष हत्या के 52 मामले थे जो इस वर्ष 51 हैं, हत्या के प्रयास के पिछले साल 30 प्रकरण जो इस वर्ष 28 प्रकरण, इसी प्रकार चोरी/नकब्जानी के पिछले साल 553 मामले थे जो इस वर्ष 531 है। ओवरऑल चुनावी वर्ष होने के कारण लघु अधिनियम जैसे जुआ सट्टा शराब के तहत ज्यादा कार्यवाहियों के कारण पिछले वर्ष माह सितंबर तक जिले में 2891 अपराध दर्ज किए गए थे जिसमें अल्प कमी के साथ , इस वर्ष माह सितंबर तक 2705 अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया।

अवैध शराब पर कार्यवाही में पिछले साल की तुलना में बढोत्तरी हुई है पिछले साल अवैध शराब के 1538 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इस साल 1875 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही में रिकार्ड वृद्धि हुई है पिछले साल माह सितंबर तक 12,056 मोटर व्हीकल एक्ट के मामलों में चालानी कार्यवाही की गई थी जो इस वर्ष 33,572 की जा चुकी है।

प्रतिबंधात्मक कार्यवाही - पिछले साल के 9 महीना की तुलना में इस वर्ष सितंबर माह तक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में काफी वृद्धि है पिछले साल 4,265 प्रकरण दर्ज किए गए थे जो इस वर्ष 7,194 प्रकरण कार्यवाही के किये जा चुके है।

पिछले एक साल में रायगढ़ पुलिस को एसएसपी सदानंद कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कई बड़े मामलों का शीघ्र पटाक्षेप करने में सफलता प्राप्त हुई है, हाल ही में रायगढ़ पुलिस को एक्सिस बैंक डकैती में अभूतपूर्व सफलता मिली, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास युवक से रु.9 लाख रुपए लूटपाट के 3 आरोपी भी पकड़े गये। साइबर क्राइम के मामलों में रायगढ़ पुलिस ने जामताड़ा गिरोह के साथ कई ठगों को सलाखों के पीछे भेजा। कई ब्लाइंड मर्डर मामलों का शीघ्र खुलासा किया गया जिसमें- पालीघाट डबल मर्डर, लैलूंगा का दियागढ़ गोलीकांड, एनएच49 में मिले युवक के शव मामलों का पुलिस ने शीघ्र पटाक्षेप किया। अवैध शराब तथा मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री करने वालों और ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों पर थानों की टीम के साथ सायबर सेल की टीम लगातार सक्रिय रहकर कार्यवाही कर रही है।

धान की फसल को रौंदकर कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में 21 हाथियों ने डाला डेरा

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में मौजूद 21 हाथियों का दल बीती रात चचिया, तौलीपाली एवं लुदूखेत में धान की फसल को रौंदकर कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में पहुंच गया और डेरा डाल दिया है। इससे पहले यह दल चचिया बीट के जंगल में था। कल शाम होने के बाद हाथियों ने मूवमेंट किया और ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाने के बाद लुदूखेत, तौलीपाली होते हुए कुदमुरा के जंगल पहुंच गया। हाथियों ने रास्ते में लुदूखेत व तौलीपाली में बड़ी मात्रा में किसानों की फसल को भी रौंद दिया है। हाथियों द्वारा रेंज के तीन गांवों में फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शूरू कर दिया है।

एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को काफी चपत लगी है। कुदमुरा रेंजर पैकरा ने बताया कि रेंज के तीन गांवों में हाथियों ने उत्पात मचाया है और ग्रामीणों की फसल को रोंद दिया है। हाथियों के उत्पात में हुए नुकसान का वास्तविक आंकड़ा सर्वे के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल हजारों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। वन विभाग के कर्मचारी नुकसानी के आंकलन में लगे हुए हैं। उधर कटघोरा वनमंडल में भी हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने का सिलसिला जारी है। यहां के एतमानगर एवं केंदई रेंज में चार दर्जन से अधिक हाथियों का दल विचरण करने के साथ ही खेतों में उत्पात भी मचा रहा है। जिससे ग्रामीणों को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

औषधि पादप बोर्ड द्वारा जड़ी-बूटी पीसने के 'पल्वालाईजर' मशीन का वितरण

रायपुर । छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा बोर्ड कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को परंपरागत रूप से कार्य कर रहे वैद्यों को आज जड़ी-बूटी पीसने के मशीन का वितरण किया गया। इससे सात वन मंडलों धमतरी से 10 वैद्य, कांकेर से 20 वैद्य, कबीरधाम से 10 वैद्य, बिलासपुर से 20 वैद्य, कोरबा से 10 वैद्य, कोण्डागांव से 10 वैद्य तथा कटघोरा से 10 वैद्य कुल 90 वैद्य लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर वैद्यों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए इसे औषधि प्रसंस्करण कार्य में बहुत महत्वपूर्ण बताया और पल्वालाईजर मशीन के प्रदाय में वन विभाग अंतर्गत औषधि पादप बोर्ड की पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि पल्वालाईजर मशीन प्राप्त होने से अब औषधि पादपों तथा जड़ी-बूटी को कूटने-पीसने में बहुत आसानी होगी तथा औषधि पाउडर में स्वच्छता एवं गुणवत्ता भी बनी रहेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संग्राहकों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में लघु वनोपजों के संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण, विपणन आदि व्यवस्था के तहत अधिक से अधिक लाभ दिलाने निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस तारतम्य में औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि राज्य के परंपरागत वैद्यों की सुविधा के लिए उन्हें मशीन का वितरण किया गया है। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ राव ने जानकारी दी कि उक्त मशीन एक समूह पद्धति के रूप में प्रदाय किया गया है।

मध्यान्ह भोजन में अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में सात जिलों के स्कूली बच्चों को मिलेगा अण्डा

❒ अण्डा वितरण के लिए हुआ एमओयू

रायपुर। प्रदेश के 7 जिलों - बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, सूरजपुर, नारायणपुर और कोण्डागांव में संचालित सभी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यांह भोजन) के तहत अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में अण्डा दिया जाएगा। अण्डा वितरण करने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय अनुमोदन कर आवश्यक कार्यवाही के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हाल ही में हस्ताक्षर किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन जिलों में संचालित समस्त स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन) से लाभान्वित सभी छात्र-छात्राओं को प्रत्येक शाला दिवस में मध्यान्ह भोजन में अण्डा प्रदाय किया जाएगा। अण्डा प्रदान करने की प्रक्रिया और इसके लेखा संधारण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। मध्यान्ह भोजन के साथ ही अण्डा वितरण शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी 7 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना संचालित स्कूलों में 30 सितम्बर 2023 की स्थिति में दर्ज संख्या की अद्यतन जानकारी की प्रविष्टि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कर ली जाए।

अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में प्रस्तुत कर सकते हैं अभ्यावेदन

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि विगत कुछ दिनों से आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रियाओं पर कुछ सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाएं (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों को स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप तैयार कर) वायरल किए जा रहे हैं कि प्रश्न के अनुरूप उत्तर न होने पर भी अंक प्रदान किए गए हैं, यदि ऐसा किसी अभ्यर्थी के साथ घटित हुआ हो तो उक्त संबंध में आयोग कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अवर सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में कुल 2661 अभ्यर्थी शामिल थे। अत: सोशल मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के 1 या 2 पृष्ठ (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों के स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप) के आधार पर उक्त उत्तर पुस्तिका किस अभ्यर्थी के है, यह आयोग स्तर पर पहचान किया जाना संभव नहीं है और न ही उक्त तथ्यों की जाँच किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अत: मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ से संबंधित अभ्यर्थी अपने उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

पत्नी पर शक करता था पति, तो बेटे के साथ मिलकर महिला ने उतार दिया मौत के घाट, पुल के नीचे फेंका शव

गरियाबंद (आरएनएस)। देवभोग थाना क्षेत्र के ग्राम दबनाई में बीती रात गंगेश्वर सोनवानी को उसके बेटे गिरीश सोनवानी और पत्नी लक्ष्मीबाई ने मौत के घाट उतार दिया. दोनों मां-बेटे ने मिलकर डंडे और पत्थर से पीट-पीट कर गंगेश्वर की हत्या कर दी. जिसका शव लहू लुहान हालात में गांव के शिव मंदिर के पुलिया के नीचे पड़ा मिला. ग्राम कोटवार ने देर रात पुलिस को इसकी सूचना दी.

देवभोग अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों ने गंगेश्वर को मृत घोषित कर दिया. थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि मृतक के सिर से लगातार खून बह रहा था. ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई. मामले में मृतक की पत्नी लक्ष्मीबाई और बेटे गिरीश सोनवानी को हिरासत में ले लिया गया है.

जानकारी के मुताबिक मृतक की पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है. पति उसके चरित्र पर शंका कर आए दिन विवाद करता था. 4 से 5 बार मारपीट भी हुई. मामला न्यायालय में भी चल रहा है. पति के झगड़े और पिटाई से परेशान पत्नी गांव छोडक़र 5 महीने पहले अपनी बहन के यहां ओडिशा चली गई थी. तनाव कम हुआ तो फिर घर आने की सोची. हाल ही में नुआखाई में पूरा परिवार एक साथ था. दंपति के अलावा उनका बेटा गिरीश और बेटी भी साथ थी. तीन दिन पहले से विवाद फिर शुरू हुआ. शुक्रवार शाम 8 बजे गंगेश्वर ने पत्नी के साथ झगड़ा शुरू किया. मारपीट भी की. लेकिन इस बार मां और बेटे ने मिलकर पति की जम कर पिटाई कर दी और उसे मौत के घाट उतार दिया.

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

देवी मंदिरों में नवरात्रि के लिए चल रही विशेष तैयारी

❒ माता की प्रतिमा स्थापना के लिए तैयार हो रही आकर्षक पंडालें

रायपुर (आरएनएस)। 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्रि के लिए जहां देवी मंदिरों में जोरदार तैयारियां चल रही है तो वहीं चौक-चौराहों में माता की प्रतिमा स्थापना के लिए आकर्षक और भव्य पंडालें भी सजनी शुरू हो गई है।

शहर में इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर सैकड़ों स्थानों पर माता की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। इसके लिए जहां दुर्गोत्सव समितियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं, तो वहीं माता की प्रतिमा स्थापना के लिए भव्य और आकर्षक पंडालें भी सजकर लगभग तैयार हो चुकी हैं। नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां चल रही हैं। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों जैसे महामाया माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, कंकाली माता मंदिर, समलेश्वरी माता मंदिर, दंतेश्वरी माता मंदिर, काली माता मंदिर, बंजारी माता मंदिर में नवरात्रि के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। मंदिरों में रंग-रोगन के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही हैं। इन देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत जलाने व अखंड मनोकामना ज्योति जलाने के लिए ज्योतिगृहों में पृथक से तैयारी चल रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता की नौ अलग-अलग स्वरूपों की आराधना की जाती है। नवरात्रि के ये 9 दिन वर्ष के अन्य दिनों के मुकाबले ज्यादा ऊर्जादायक और कई अभिष्टि सिद्धियों को प्रदान करता है। यही वजह है कि शक्ति की आराधना करने वाले भक्त नवरात्रि का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इधर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में माता की प्रतिमा स्थापना के लिए आकर्षक और भव्य पंडालें सज चुकी हैं। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मूर्तिकारों ने भी माता की प्रतिमाओं को अब अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर 15 अक्टूबर से राजधानी रायपुर पूरी तरह से माता की भक्ति में डूब जाएगी।